राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

सांस्कृतिक परम्परा और लोककलाओं को सहेजने की दिशा में कार्य करें स्काउट गाइड

सेवा और समर्पण भाव जगाने के साथ नई पीढ़ी को सुसंस्कारित बनायें – राज्यपाल

जयपुर, 12 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि राजस्थान के स्काउट एवं गाइड स्वयं की प्रेरणा से सेवा को परम धर्म मानते हुए कार्य करें ताकि न सिर्फ राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर भी इस संगठन की अलग पहचान बन सके। उन्होंने कहा कि बालक–बालिकाओं में सेवा और समर्पण भाव जगाने के साथ उन्हें सुसंस्कारित बनाने और भावी जीवन की चुनौतियों से मुकाबला करने में सक्षम बनाने का कार्य राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड संगठन बखूबी कर रहा है।

राज्यपाल श्री मिश्र शुक्रवार को यहां राजभवन से राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक को संगठन के मुख्य संरक्षक के तौर पर ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चाहे शांति का समय हो या आपदा काल, स्काउट एवं गाइड आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सेवा कार्य के लिए अपना सहयोग देने पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भी प्रदेश में स्काउट्स एवं गाइड ने राहत कार्यों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने आह्वान किया कि आमजन में इस विश्वास को बनाये रखते हुए संगठन सांस्कृतिक परम्परा और लोककलाओं को सहेजने की दिशा में भी कार्य करे।

राज्यपाल श्री मिश्र ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि नशा मुक्ति, वरिष्ठजन एवं दिव्यांगजन कल्याण, सड़क सुरक्षा, जल स्वावलंबन, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत और नेशनल ग्रीन कोर से संबंधित गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने के कारण राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड संगठन को चीफ नेशनल कमिश्नर शील्ड सहित 12 प्रमुख पुरस्कार प्रदान किये गए हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने अजमेर, उदयपुर, बीकानेर, कोटा, जोधपुर, भरतपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, झुंझुनूं, झालावाड़ और जयपुर में स्काउट एवं गाइड द्वारा कोरोनाकाल में की गई सेवा गतिविधियों, राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, मतदान बूथों पर सहयोग सहित विभिन्न सेवा कार्यों के बारे में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद कर जानकारी ली।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड संगठन के अध्यक्ष श्री अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश में स्काउट एवं गाइड जाति और पंथ से ऊपर उठकर मेला, पर्व, सामाजिक आयोजनों, विपदा एवं विपरीत मौसम में राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से सेवा कार्य कर रहे हैं।

स्टेट चीफ कमिश्नर श्री जे.सी.महान्ति ने संगठन के इतिहास, प्रगति एवं वर्ष भर की गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में संगठन से 11 लाख 65 हजार से अधिक स्काउट गाइड एवं 40 हजार स्काउटर एवं गाइडर निःस्वार्थ भाव से जुड़े हैं।

कार्यक्रम के आरम्भ में राज्यपाल श्री मिश्र ने संविधान की उद्देश्यिका तथा मूल कर्त्तव्यों का वाचन करवाया।

राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्दराम जायसवाल, स्टेट कमिश्नर (रेंजर) श्रीमती मुग्धा सिन्हा सहित जिलों से स्काउट गाइड पदाधिकारी ऑनलाइन उपस्थित थे।

——